भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या-**3401
उत्तर देने की तारीख-16/12/2024

**आंध्र प्रदेश में एमएमटीटीपी को निधि आवंटन**

†3401. **श्री डग्गुमल्ला प्रसादा रावः**

क्या ***शिक्षा*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विशेष कर से आंध्र प्रदेश में वर्ष 2023 मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम (एमएमटीटीपी) के लिए आवंटित निधि का ब्यौरा क्या है;
(ख) आंध्र प्रदेश में स्थापित मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्रों का ब्यौरा और कुल संख्या कितनी है;
(ग) एमएमटीटीपी के तहत विशेषकर से आंध्र प्रदेश राज्य में प्रशिक्षित अध्यापकों की जिलावार कुल संख्या कितनी है;
(घ) क्या सरकार ने एमएमटीटीपी के तहत प्रशिक्षित अध्यापकों के कौशल और ज्ञान का आकलन करने के लिए कोई उपाय किए हैं; और
(ङ) यदि हां, तो विशेषकर से आंध्र प्रदेश राज्य में तत्संबंधी जिलावार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(डॉ. सुकान्त मजूमदार)**

(क) से (ग): मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम (एमएमटीटीपी) के दिनांक 05.09.2023 को पुनः शुरू होने के बाद से देश भर में 136 मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्रों (एमएमटीटीसी) की पहचान की गई है। कुल 136 एमएमटीटीसी में से 4 एमएमटीटीसी - राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, तिरुपति (राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ तिरुपति), आंध्र विश्वविद्यालय, श्री वेंकटेश्वर विश्वविद्यालय और आईआईएम विशाखापत्तनम आंध्र प्रदेश में स्थापित किए गए है।

सभी एमएमटीटीसी को 54.43 करोड़ रुपये (वित्त वर्ष 2023-24 में 22.5 करोड़ रुपये और वित्त वर्ष 2024-25 में 31.93 करोड़ रुपये) जारी किए गए हैं**,** जिनमें से 72.19 लाख रुपये आंध्र प्रदेश में स्थित एमएमटीटीसी को जारी किए गए हैं।

इस योजना के विभिन्न घटकों के अंतर्गत आंध्र प्रदेश के केंद्रों के 2759 लाभार्थी सहित लगभग 1.73 लाख संकाय लाभान्वित हुए हैं। विभिन्न कार्यक्रमों से लाभान्वित संकायों की संख्या का केंद्र-वार विवरण एमएमटीटीपी पोर्टल https://mmc.ugc.ac.in/Uploads/Status%20of%20136%20MMTTCs%20as%20on%2021.11.2024.pdf पर उपलब्ध है।

यूजीसी पोर्टल पर आवेदन आमंत्रित करने के अलावा, उच्चतर शिक्षा संस्थानों से अन्य कार्यक्रमों जैसे अकादमिक नेतृत्व कार्यक्रम, विशिष्ट अधिगम अक्षमताओं पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम और उच्च शिक्षा संस्थानों में सकारात्मक मानसिक स्वास्थ्य, प्रतिरोधात्मकता और कल्याण को बढ़ावा देने के लिए क्षमता निर्माण आदि के लिए भी नामांकन आमंत्रित किए जाते हैं। अकादमिक नेतृत्व कार्यक्रम में, अब तक आंध्र प्रदेश में स्थित 3 संस्थानों के प्रमुख सहित 57 विश्वविद्यालयों/संस्थानों के प्रमुखों/कुलपतियों/निदेशकों को प्रशिक्षित किया गया हैं। विशिष्ट अधिगम अक्षमताओं संबंधी क्षमता निर्माण कार्यक्रम में अब तक आंध्र प्रदेश के संस्थानों के 48 संकायों सहित 27 उच्चतर शिक्षा संस्थानों के कुल 432 संकायों को चक्र I और 33 उच्चतर शिक्षा संस्थानों के लगभग 370 संकायों को चक्र II में प्रशिक्षित किया गया हैं। उच्चतर शिक्षा संस्थानों में सकारात्मक मानसिक स्वास्थ्य, प्रतिरोधात्मकता और कल्याण को बढ़ावा देने के लिए क्षमता निर्माण में, अब तक 113 उच्चतर शिक्षा संस्थानों के लगभग 1024 संकाय सदस्यों को प्रशिक्षित किया गया है, जिसमें आंध्र प्रदेश के संस्थानों के 39 संकाय शामिल हैं।

(घ) और (ङ): इस योजना की प्रगति के आकलन और समीक्षा करने हेतु, योजना के अंतर्गत गठित परियोजना अनुमोदन बोर्ड (पीएबी) की बैठक नियमित अंतराल पर आयोजित की जाती है। इस योजना के पुनः प्रारंभ होने के पश्चात से अब तक पीएबी की 2 बैठकें आयोजित की गई हैं। इन बैठकों में कार्यक्रमों के उद्देश्य, माध्यम, रूपरेखा, लक्षित लाभार्थी, भौतिक और वित्तीय लक्ष्य, परिणाम आदि की चर्चा और समीक्षा की जाती है। आउटरीच गतिविधियों के भाग के रूप में, कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा, परिणामों का मूल्यांकन और मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्रों (एमएमटीटीसी) द्वारा अपनाई गई सर्वोत्तम पद्धतियों को साझा करने हेतु क्षेत्र वार क्षेत्रीय कार्यशालाएं भी आयोजित की जाती हैं। इस संबंध में, दिनांक 18-19 अक्टूबर 2024 को आईआईआईटीडीएम कांचीपुरम में दक्षिणी क्षेत्र के एमएमटीटीसी की क्षेत्रीय कार्यशाला आयोजित की गई।

***